तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 17. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 28 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4
शिवरीनारायण में नियमित रूप से एसडीएम कार्यालय का संचालन शुरु




## खबर संक्षेप

### 8 प्रकरणों में शामिल आदतन बदमाश को किया जिला बदर

**जांजगीर-चांपा**। आठ विभिन्न प्रकरणों में शामिल आदतन बदमाश को जिला बदमाश किया गया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम चोरिया का है। इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरिया निवासी अशोक जायसवाल के दुस्साहसी प्रवृत्ती एवं लोगों के साथ मारपीट कर लडाई झगड़ा करने की शिकायत है परन्तु इसके बाद भी अनावेदक के अपराधिक गुण्डागर्दी मारपीट, जान से मारने की धमकी देने में सुधार नही हुआ है। अपराधिक कृत्य करने एवं संज्ञेय अपराध घटित करने तथा शांति भंग करने की पूर्ण आशंका होने से पुलिस अधीक्षक द्वारा बदमाश के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही के लिए कलेक्टर को विस्तृत प्रतिवेदन भेजा गया था। जान माल की सुरक्षा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु बदमाश के विरूद्ध छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला बदर की कार्यवाही कर तत्काल जिला जांजगीर -चाम्पा व सरहदी जिला सक्ति, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, बलौदा बजार से जिला बदर की कार्यवाही के लिए कलेक्टर जांजगीर -चाम्पा द्वारा आदेश पारित किया जाकर 1 वर्ष के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

### सप्ताह भर चला वॉक इन इंटरव्यू, मेरिट सूची के बाद कॉल आने का इंतजार

# केन्द्रीय विद्यालय में नौकरी की आस, टूट पड़े बेरोजगार

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



वैसे तो शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी देने शासन प्रशासन द्वारा आए दिन प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है, जहां रिक्त पदों के अनुरूप भी बेरोजगार अब नहीं पहुंच रहे। वहीं केन्द्रीय विद्यालय में अस्थायी रूप से सेवा देने का विद्यापन जारी हुआ तो पढ़े-लिखे बेरोजगारों की भीड़ टूट पड़ी। खास बात यह है कि यहां जारी विज्ञापन में ना तो रिक्त पदों की संख्या क्लीयर होती है और ना ही उनकी स्थायी नियुक्ति।

जिला मुख्यालय जांजगीर के मुनुंद रोड में संचालित केन्द्रीय विद्यालय में बीते सप्ताह भर से पढे लिखे बेरोजगारों की भीड़ लगी रही। दरअसल यहां प्रायमरी, मीडिल और हाई और हायर सेकेण्डरी क्लास में विषयवार शिक्षकों के लिए एक वेकेंसी जारी हुई थी। खास बात यह है कि जारी वेकेंसी में ना तो रिक्त पदों की संख्या कोई स्पष्ट थी और ना ही स्थायी नियुक्ति की गारंटी फिर भी केन्द्रीय विद्यालय के अनुरूप योग्यताधारी युवक युवतियों की भीड़ टूट पड़ी। जानकारी के मुताबिक यहां दर्जन भर से कम पदों पर अस्थायी टीचर की आवश्यकता है, जिसके लिए सैकडों की तादाद में पढे लिखे युवा वॉक इन इंटरव्यू में पहुंच गए। बताया जाता है कि पीआरटी में आवेदकों की संख्या इतनी अधिक हो गई, जिसे देखते हुए इंटरव्यू के पहले एक परीक्षा लेनी पड़ी। इसके बाद उसमे सलेक्टेट आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार की प्रक्रिया बीते सप्ताह भर से चली। अंतिम साक्षात्कार गुरूवार 26 फरवरी को हुआ। इसके बाद 27 फरवरी को साक्षात्कार के बाद एक मेरिट सूची जारी की गई है, जिसमें विभिन्न पदों पर 287 लोगों का नाम वरीयता क्रम में लिखा गया है। खास बात यह है कि यहां ना तो अभी तक रिक्त पदों की संख्या स्पष्ट है और ना ही उनकी नियुक्ति स्थायी होनी है। बावजूद इसके प्रबंधन की सूचना पर तकरीबन दो दर्जन से अधिक विषयों के लिए आयोजित वॉक इन इंटरव्यू में बेरोजगार युवक युवतियों की भीड़ टूट पड़ी। अब सूची जारी होने के बाद प्रबंधन द्वारा आवश्यकता अनुसार संबंधितों को फोन करके बुलाने की बात कही गई है। जिसको लेकर साक्षात्कार सूची में वरीयता क्रम में आने वाले अभ्यर्थी केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन के फोन का इंतजार कर रहे है।

#### जरूरत के अनुसार करेंगे कॉल

केन्द्रीय विद्यालय में हर साल आवश्यककता अनुसार शिक्षकों के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाता है। रिक्त पदों की संख्या निर्धारित नहीं होती। इसलिए सभी विषयों के लिए आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाता है। अब सत्र शुरू होने पर आवश्यकतानुसार साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों में कॉल करके बुलाया जाएगा। यह नौकरी पूरी तरह से अस्थायी है। सत्र के दौरान भी यदि नियमित शिक्षक स्थानांतरण में मिलेंगे तो अस्थायी वालों की सेवा समाप्त हो जाएगी। अभ्यर्थी भी इसके लिए स्वतंत्र होते है।

-कुशल चंद्रा
प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर

# मोबाइल पर की बात और हसदेव नदी में कूदकर महिला ने दे दी जान

### बाबा डेराघाट पर खड़ी स्कूटी से हुई पहचान

.हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शव के पास विलाप करते परिजन।

हसदेव नदी स्थित बाबा डेराघाट पर स्कूटी से पहुंची एक महिला वहां रूककर पहले मोबाइल फोन पर किसी से बात की, इसके बाद अचानक बहती नदी में छलांग लगा दी। पुलिस के साथ आसपास के लोगों की मदद से उसकी तलाश की गई और कुछ देर बाद उसके शव को बाहर निकाला गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 27 फरवरी को हसदेव नदी के बाबा डेरा घाट के पास एक महिला अपनी स्कूटी में सवार होकर पहुंची। उसने स्कूटी को घाट के पहले खड़ी कर दी थी और वह मोबाइल फोन पर बात करते घाट की तरफ बढ़ चली। कुछ देर बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान नदी में डूबी महिला की तलाश कर उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। उसके प्राण पखेरू उड चुके थे। पुलिस के मुताबिक मौके पर मिली स्कूटी के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क किया गया और महिला की पहचान कृष्णा विहार कालोनी में रहने वाली श्रीमती सरोज अग्रवाल पति आशीष अग्रवाल के रूप में हुई। बहरहाल आत्महत्या का कारण अभी ज्ञात नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

# भवन निर्माण कार्य में रोक लगाने ग्रामीण लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क निर्माण कार्य पहुंच मार्ग में भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे लेकर कनस्दा एवं केसला के ग्रामीण लामबंद हो गए है। बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय शिवरीनारायण पहुंचकर भवन निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत कनस्दा से केसला एवं मिस्दा तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क बनाया जा रहा है। ग्राम कनस्दा निवासी धर्मेन्द्र कश्यप पिता मोहन के द्वारा कनस्दा से केसला मिस्दा पहुंच मार्ग में सड़क से सटाकर भवन निर्माण के लिए गड्ढा खोद दिया गया है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर ग्राम पंचायत केसला एवं कनस्दा के ग्रामीण शुक्रवार 27 फरवरी को तहसील कार्यालय शिवरीनारायण पहुंचे। इस बीच अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच कनस्दा, केसला, सरिता देवी, उदेराम, प्रकाश, राजकुमार, विश्राम साहू शामिल है। सभी ग्रामीणों ने एकस्वर से भवन निर्माण कार्य को रोक लगाने की मांग की है, ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा मिल सके।

# ठगी के खिलाफ बड़ा अभियान : किसान बैंक से राशि निकालते समय बरतें सावधानी : पाण्डेय

**जांजगीर-चांपा**। जिले में किसानों और ग्रामीण नागरिकों को निशाना बनाकर हो रही ठगी की घटनाओं पर अब पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने ठगी से बचाव हेतु जारी पोस्टर का विमोचन किया और आमजन से विशेष सतर्कता बरतने कहा। पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां किसान या ग्रामीण नागरिक बैंक से बड़ी धनराशि निकालकर घर लौट रहे थे और रास्ते में ठगों ने उन्हें शिकार बना लिया। ठग अक्सर खुद को बैंक कर्मचारी, पुलिसकर्मी या मददगार व्यक्ति बताकर लोगों को भ्रमित करते हैं। कई मामलों में बैग बदलने, पैसे गिरने का झांसा देने या ध्यान भटकाकर नकदी लेकर फरार होने की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पहले बैंक परिसर में लोगों पर नजर रखते हैं और फिर मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देते हैं। किसानों एवं ग्रामीण नागरिकों को ठगी से बचाव के उपाय बताए गए। बैंक परिसर एवं आसपास संदिग्ध व्यक्तियों से सतर्क रहने एवं अंजान लोगों से दूरी बनाए रखने कहा।




## खबर संक्षेप



### हॉस्टल में भूत-प्रेत की आशंका पर बैगा लेकर पहुंचे परिजन

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत पोड़ी में संचालित 100 सीटर कन्या छात्रावास में अध्यनरत कुछ छात्राएं एकाएक असामान्य हरकतें करने लगती हैं। लगभग दर्जन भर छात्राएं ऐसी हैं जो सामान्य छात्राओं की अपेक्षा अलग हरकतें करने लगती हैं। मामले की जानकारी जब हॉस्टल से परिजन तक पहुंची तो उन्होंने भूत-प्रेत का साया पड़ने की बात कही। यही वजह है कि एक परिजन बैगा लेकर हॉस्टल पहुंचा और झाड़फूंक करने का प्रयास करने लगा। परिजनों का आरोप है कि हॉस्टल में आने पर माता-पिता को भी बच्चों से मिलने नहीं दिया जाता है और लगातार बच्चों की हालत खराब होती जा रही है।

### छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल बिखेरेंगी जलवा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र दीपका में सांस्कृतिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का प्रतीक दीपका रंग उत्सव 2.0 का आयोजन 1 मार्च की सुबह 10 बजे से मातृछाया, आजाद चौक, दीपका में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम क्षेत्र में रंग, उत्साह और एकता के संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल की उपस्थिति होगी। सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर वे अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। आयोजकों के अनुसार इस ओपन-एयर होली सेलिब्रेशन में लाइव डीजे, रेन डांस और फोम पार्टी जैसे कई रोमांचक आकर्षण होंगे। साथ ही, सुरक्षित होली के लिए इको-फ्रेंडली रंगों का उपयोग किया जाएगा।

### श्रद्धा महिला मण्डल ने फलदार वृक्षों का किया रोपण




**कोरबा।** श्रद्धा महिला मण्डल एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति, सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर्स कोरबा द्वारा 26 फरवरी को स्व. के. के. वर्मा उद्यान एवं आकृति महिला मंडल द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, एसबीएस कालोनी एसईसीएल में बादाम, ऑवला, अमरूद, नीबू आदि 30 फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आकृति महिला समिति, सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर्स की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता द्विवेदी, सदस्य क्रमशः श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रभाति पटुवा एवं लक्ष्मी प्रसाद आदि उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने चार्ज अधिकारियों को दिया विस्तृत प्रशिक्षण



**कोरबा।** जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिले में जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन जनगणना निदेशालय के संयुक्त निदेशक अशोक मिश्रा एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक तथा मास्टर ट्रेनर कैलाश पांडे ने जिले के सभी चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान संयुक्त निदेशक द्वारा सीएमएमएस पोर्टल में दर्ज की जाने वाली सभी प्रविष्टियों की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। उन्होंने प्रशिक्षण बैच तैयार करने, शेड्यूल निर्माण, सभी तहसीलों में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित करने तथा अटेंडेंस शीट तैयार करने जैसे आवश्यक प्रबंधन कार्यों पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण हेतु कार्यक्षेत्र निर्धारण, नक्शे पर लिस्टिंग, मकान सूचीकरण मानचित्र को स्कैन कर सीएमएमएस में अपलोड करने, लैंडमार्क का सटीक उल्लेख सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्र के दौरान पीपीटी (पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन टेक्नोलॉजी) के माध्यम से चार्ज अधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे आगामी जनगणना कार्यों में पारदर्शिता, गति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# बायो गैस संयंत्र स्थापना का मार्ग प्रशस्त, 2 वर्ष के अंदर शुरु होगा बायो गैस का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगर निगम के बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट बायो गैस संयंत्र स्थापना का मार्ग अब प्रशस्त हो चुका है महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में गुरुवार को संयंत्र स्थापना हेतु नगर पालिक निगम, सी.जी. बायोफ्यूल व गेल इंडिया के मध्य एम.ओ.यू. सम्पन्न किया गया। निगम की ओर से आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सी.जी. बायोफ्यूल से सी.ई.ओ. सुमित सरकार एवं गेल इंडिया से महाप्रबंधक किशोर कुमार ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया। निगम के स्वच्छता अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत शहर से उत्सर्जित गीले कचरे से बायो गैस का निर्माण करने के निगम के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बायो गैस संयंत्र की स्थापना का कार्य अब धरातलीय स्तर पर साकार होने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रतिदिन डेढ़ सौ टन से ज्यादा कचरे का उत्सर्जन होता है, जिसमें औसतन 50 से 65 टन गीला कचरा होता है, इस बड़ी मात्रा में प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले गीले कचरे का समुचित प्रबंधन एवं डिस्पोजल एक बड़ी समस्या है। निगम द्वारा गीले कचरे के डिस्पोजल व प्रबंधन के मद्देनजर बायो गैस संयंत्र की स्थापना की दिशा में कदम बढ़ाया गया तथा इस हेतु छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल डेवलपमेंट अथारिटी रायपुर एवं गेल इंडिया लिमिटेड दिल्ली से संपर्क कर संयंत्र स्थापना की कार्यवाही आगे बढ़ाई गई, अब उक्त प्रोजेक्ट में धरातलीय स्तर पर कार्य होगा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत की विशेष उपस्थिति में संयंत्र स्थापना हेतु नगर पालिक निगम, सी.जी. बायोफ्यूल व गेल इंडिया के मध्य एम.ओ.यू. सम्पन्न किया गया। निगम की ओर से आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सी.जी. बायोफ्यूल से सी.ई.ओ. सुमित सरकार एवं गेल इंडिया से महाप्रबंधक किशोर कुमार द्वारा एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये।

### निगम ने किया सीजी बायोफ्यूल व गेल से किया एमओयू

**खास बातें**

- महापौर संजू देवी राजपूत, कलेक्टर दुदावत व निगम आयुक्त पाडेय रहे उपस्थित



### बायो गैस के साथ जैविक खाद भी

बायो गैस संयंत्र स्थापना से एक ओर जहां शहर में प्रतिदिन भारी मात्रा में उत्सर्जित गीले कचरे के प्रबंधन व डिस्पोजल करने की निगम की एक बड़ी समस्या दूर होगी, कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर गीले कचरे से बायो गैस तैयारी की जाएगी, जिसे ईंधन के रूप में उपयोग में लाया जा सकेगा, वहीं बायो गैस उत्पादन के साथ-साथ जैविक खाद का भी उत्पादन होगा, जिसका उपयोग कृषि, बागवानी जैसे कार्यो हेतु किसानों द्वारा किया जा सकेगा। ग्राम बरबसपुर में स्थित शासकीय भूमि में निगम को आबंटित जमीन पर बायो गैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी, संयंत्र स्थापना हेतु उक्त जमीन को सुरक्षित कर लिया गया है, एम.ओ.यू. सम्पन्न होने के पश्चात अब प्रोजेक्ट पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा तथा अधिकतम 24 माह की समयसीमा में संयंत्र कार्य करना प्रारंभ कर देगा।

## पुलिस ने दुकान संचालकों को सुनाया फरमान

# रंग गुलाल और पिचकारियों से सजा बाजार, मुखौटा बेचने वालों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

जैसे-जैसे होली की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे जिले में होली की खुमारी छाने लगी है। रंग गुलाल पिचकारी का बाजार सचकर तैयार हो चुका है और एक-दो दिनों में बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार हो जाएंगे और लोग बड़े पैमाने पर रंग गुलाल पिचकारी की खरीदी भी करेंगे लेकिन वहीं दूसरी ओर इस पर्व के दौरान कोई भी मास्क या मुखौटा बेचने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी, इसके लिए पुलिस ने पहले ही दुकान संचालकों को फरमान जारी कर दिया है कि वह अपने दुकानों में किसी भी तरह का मास्क या मुखौटा ना रखें।

उल्लेखनीय है कि जिले में होली पर्व की तैयारी शुरू हो चुकी है। सभी थाना और चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र में नागरिकों की बैठक लेकर उन्हें होली पर्व के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है विशेष निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों द्वारा भी लगातार बैठकों का दौर शुरु कर दिया गया है। साथ ही शहर के बड़े-बड़े दुकानों में गुलाल रंग पिचकारी की दुकान सजकर तैयार हो चुकी है। शनिवार से शहर के अलग-अलग क्षेत्र में दुकान लगना शुरु हो जाएगा। खासतौर पर बुधवारी, पुराना बस स्टैंड में बड़े-बड़े दुकान सजेंगे जहां जमकर रंग गुलाल पिचकारी की खरीदी होगी। साथ ही इस पर्व के दौरान लोग मुखौटा अन्य तरह के आवश्यक सामग्रियों की बिक्री करते हैं। पुलिस ने मास्क या मुखौटा की बिक्री ना हो और आम जनमानस को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने विगत दिनों बड़े-बड़े दुकान संचालकों की बैठक ली थी और उन्हें साफ फरमान जारी किया था कि वह अपने दुकानों में मुखौटा या मास्क की बिक्री न करें यदि वे इस तरह की हरकत करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक शहर में ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है लेकिन जैसे-जैसे होली पर नजदीक आएगा दुकान संचालक चोरी चुपके से मुखौटा व मास्क बेचने लगेंगे तो पुलिस द्वारा छापेमारी की कार्रवाई कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए दुकान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### नगाड़ों गूंज नहीं सुनाई दे रही

नगाड़ों की थाप नहीं दे रही सुनाई होली का पर्व के को लेकर लोग जमकर तैयारी करते थे और होली का दहन के 15 से 20 दिनों पहले ही नगाड़ा की थाप सुनाई दिया करती थी लेकिन अब भागम भागभरी जिंदगी की वजह से लोग इससे दूर होने लगे हैं। होली का पर्व के एक-दो दिन पहले ही नगाड़ों की थाप सुनाई देगी। अब तक बाजार में नगाड़ों का बाजार नहीं सजा है। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार से शहर के अलग-अलग क्षेत्र में नगाड़ों का बाजार सजेगा और बिक्री होगी। नगाड़ा व्यापारियों का कहना है कि 2 से 3 दिनों में ही नगाड़ों की बिक्री होती है इसलिए उनके द्वारा शनिवार से ही शहर के अलग-अलग बाजारों में नगाड़ों की बिक्री की जाएगी। मौजूदा स्थिति में नगाड़ों की कीमत लगभग दो से ढाई हजार रुपए बताई जा रही है। नगाड़ा बनाकर बेचने वाले व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार नगाड़े की जमकर बिक्री होगी।

### पिचकारियों का नया कलेक्शन

बाजार में उतरी नई नई पिचकारियां इस वर्ष होली के त्योहार में बाजार में नई-नई पिचकारियां और हर्बल गुलाल की भरमार है। बाजार में 20 रुपये से लेकर हजार रुपये तक की हाइटेक पिचकारियां मिल रही हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक गन, ड्रेगन पिचकारी, सिलेंडर गुलाल, गोल्डन सिल्वर स्प्रे, मिसाइल टॉप, वाटर गन, इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्रेशर पिचकारी, बबल गन, कलर टैंक पिचकारी और कार्टून कैरेक्टर और फैंसी पिचकारियां शामिल हैं। इस बार होली में रंग-बिरंगी पिचकारियों और हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी है। इसके अलावा कान्हा पिचकारी की मांग सबसे ज्यादा है, जिसकी कीमत सिर्फ 20 रुपये है। यह पिचकारी भगवान श्रीकृष्ण को ध्यान में रखकर बनाई गई है और इसमें अबीर-गुलाल की छोटी पैकिंग भी मिलती है। बताया जाता है कि इस बार जिले में 5 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक की पिचकारियां मिल रही है।

### बीच सड़क युवकों ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा



**कोरबा।** नशे में धुत युवकों ने कार से बाइक सवार ऑटो चालक को रोककर झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उन्होंने बाइक से कार को ठोकर मारने का दावा किया। इतना ही नहीं बात हाथापाई तक पहुंच गई। खुद को पुलिस अधिकारी का भतीजा बताकर युवकों ने मौके पर जमकर ड्रामा किया। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर मुख्य मार्ग पर सरेआम मारपीट की घटना सामने आई है। नशे में धुत दो कार सवार युवकों ने एक बाइक सवार ऑटो चालक से विवाद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाइक ने उनकी कार को ठोकर मारी है। विवाद जल्द ही हाथापाई में बदल गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाइक सवार ऑटो चालक था, जिसे देखकर ऑटो संघ के पदाधिकारी और राहगीर भी वहां पहुंच गए। कार सवार युवक ऑटो संघ के पदाधिकारियों और अन्य लोगों से हुज्जतबाजी करने लगे।

## नियमितीकरण और ठेका कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर बीएमएस ने निकाली रैली


रैली में शामिल बीएमएस समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएमएस की बुधवार को आईटीआई तानसेन चौक पर श्रमिकों के केन्द्रीय व राज्य स्तर के मुद्दे पर आमसभा हुई। दोपहर लगभग 3 बजे से आमसभा में संगठन के पदाधिकारियों ने श्रमिकों को संबोधित किया। इसके बाद कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और कोरबा तहसीलदार तुलाराम भारद्वाज को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपा।

तीन दिवसीय अधिवेशन में निर्णयानुसार बीएमएस संगठन ने जिले में आम सभा का आयोजन कर धरना दिया। बीएमएस नेता राधेश्याम जायसवाल, सुरेन्द्र राठौर, टिकेश्वर सिंह राठौर, देवेन्द्र द्विवेदी, महेन्द्र ठाकुर, सुरेश साहू समेत अन्य ने संबोधित किया। आमसभा को बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ, सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संगठन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के संगठन का समर्थन मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में संविदा कर्मियों के नियमितीकरण और ठेका कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा की मांग की गई। इसी तरह योजना कर्मी के रूप में सेवाएं दे रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के लंबित मांगों पर भी ध्यान आकृष्ठ कराया है। देश के प्रधानमंत्री व केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में लेबर कोड बिल की दो संहिता औद्योगिक संबंध संहिता 2020 व व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 में श्रमिकों की चिंताओं के समाधान समेत 9 सूत्रीय मांग की है। आमसभा व रैली में बीएमएस को समर्थन दे रहे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों में रंजय सिंह, संजय सिंह, अमिया मिश्रा, सीता कंवर, चंपा कंवर समेत अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शुल्क लेने के बाद भी छात्रों को नहीं मिला उपाधि प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला में शासकीय व अशासकीय कॉलेजों की संख्या 28 कॉलेज हैं। इन कॉलेजों से नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र के रूप में हर साल 7 हजार छात्र ऐसे होते हैं जो यूजी, पीजी व डिप्लोमा की अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी कर आगे बढ़ जाते हैं। जिन्हें कोर्स पूरा होने के बाद उपाधि प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। इन छात्रों से यूनिवर्सिटी को हर साल उपाधि प्रमाण पत्र के लिए करीब 26 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त होते हैं। इसी तरह अन्य जिलों से भी शुल्क लिया जाता है। छात्रों से राशि लेने के बाद उन्हें उपाधि प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है।

शासकीय व निजी महाविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर से संबद्ध हैं। छात्रों को पढ़ाई पूर्ण होने के बाद उपाधि प्रमाण पत्र की समय बेसमय जरूरत पड़ती है। जिसे यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों को उनके घर के पते पर नहीं भेजता है। यूजी व पीजी कोर्स करने वाले छात्रों को इसके लिए अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। इसकी पूर्ति के लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों को डिजी लॉकर का उपयोग करने प्रोत्साहित करता है। हार्ड कॉपी चाहिए तो संबंधित छात्र को यूनिवर्सिटी में आवेदन कर प्राप्त करना होगा। इस प्रक्रिया के लिए दूर दराज में रहने वाले छात्रों को परेशानी होती है। जबकि उपाधि प्रमाण पत्र के एवज में छात्रों से अंतिम वर्ष अथवा अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आवेदन करने के दौरान ऑनलाइन भुगतान के साथ प्राप्त कर लिया जाता है। घर के पते पर भेजने की प्रक्रिया में अभी काफी सरलीकरण हुआ है। इसके बाद भी इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने का खामियाजा स्थानीय छात्रों को भुगतना पड़ता है। ज्ञात हो कि प्रवेश लेने से लेकर, नामांकन फार्म भरने व परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तक प्रति छात्रों से उनका डिटेल लिया जाता है। जिसमें छात्रों का स्थायी व अस्थायी पता भी होता है। उपाधि प्रमाण पत्र के लिए छात्रों को संबंधित कॉलेज के प्राचार्य अथवा राजपत्रित अधिकारी का हस्ताक्षर युक्त आवेदन फार्म जिसमें रोल नंबर, नामांकन क्रमांक/पंजीयन नाम हिंदी व अंग्रेजी में, पिता या पति का नाम, माता का नाम, परीक्षा का विषय, स्थायी पता आदि भरवाकर उसके साथ 375 रुपए उपाधि शुल्क के नाम पर जमा कराया जाता है। शुल्क लेने के बाद भी उन्हें अब तक उपाधि प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है।

## एसबीआई ने पीएचसी मोरगा को प्रदान किए वाटर कूलर




**कोरबा।** एसबीआई मोरगा के सौजन्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा में मरीजों के लिए वाटर कूलर एवं दो नग कूलर एवं डिलीवरी टेबल, इनवर्टर, बैटरी बच्चों के लिए झूला, मॉस्क्विटो लाईट सहित अन्य सामान दिया गया। भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक एवं मोरगा ब्रांच के मैनेजर एवं सरपंच मोरगा ग्रामवासियों के समक्ष प्रदान किया गया। इस दौरान पीएचसी मोरगा के चिकित्सक रमापति तिवारी आयुर्वेद चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स आशा चंद्रा, दिव्यलता पैकरा, नेत्र सहायक गोकर्ण पैकरा, शीतल भगत एवं वृंदावन शर्मा, सुनिल कुमार अग्रवाल, मोरगा प्रभारी चिकित्सा डा अतुल सिंह मोरगा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों पर सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है जबकि एक युवक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है जिसकी शिनाख्ति का प्रयास में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पहली घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया मोड़ रोड पर घटित हुई है। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात कटघोरा कसनिया रोड पर एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक में सवार युवक की मौत हो गई है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहंचकर वैधानिक कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा आसपास के थाना क्षेत्र और पड़ोसी जिलों में शिनाख्ति में जुटी हुई है। युवक मोटर साइकिल में सवार था उस मोटरसाइकिल में नंबर नहीं लिखा है जिसकी वजह से पुलिस को उसकी शिनाख्ति में परेशानी हो रही है।

### दुकान का शटर तोड़ कर चोरों ने हजारों का माल किया पार

**कोरबा।** बुधवारी तिलक भवन मार्ग पर स्थित परिसर की एक दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दुकान में रखे सामानों की चोरी कर ली है। इस दौरान चोरों ने ताला नहीं तोड़ा बल्कि शटर को ही तोड़ डाला। बताया जाता है कि घटना रात लगभग 3 बजे की बतायी जा रही है। दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे उन्होंने सीसीटीवी कैमरा को भी तोड़ दिये हैं लेकिन दूसरे कैमरों में रिकॉर्ड हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम अपने खोजी डॉग के जरिए चोरों तक पहुंचाने का प्रयास करती देखी गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

## कोरबा-विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस पहुंची 4 घंटे विलंब, यात्री हलाकान

**कोरबा।** ट्रेनों की लेटलतीफी का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को भी विशाखापट्टनम से कोरबा आने वाली लिंक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से कई घंटे विलंब से पहुंची जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार विशाखापट्टनम से चलकर कोरबा पहुंचने वाली लिंक एक्सप्रेस का निर्धारित आगमन समय सुबह 11 बजे है लेकिन ट्रेन दोपहर लगभग 3 बजे कोरबा स्टेशन पहुंची। करीब 4 घंटे देरी से आने के कारण इसी रेक से वापस जाने वाली कोरबा–विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस भी समय पर रवाना नहीं हो सकी। कोरबा से इस ट्रेन का निर्धारित प्रस्थान समय शाम 4:10 बजे है लेकिन देर से आने के कारण ट्रेन लगभग 5:06 बजे रवाना हुई, यानी करीब 54 मिनट की देरी से यात्रियों को सफर शुरू करना पड़ा।

### दो आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

**कोरबा।** जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने आज दो महत्वपूर्ण और कठोर दण्डात्मक कार्रवाइयाँ की हैं। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत ने छग राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए आदतन अपराधी अंचल अग्रवाल तथा संजय पावले को एक वर्ष की अवधि के लिए कोरबा तथा नौ सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से जिला बदर कर दिया है।जानकारी के अनुसार आरएसएस नगर निवासी आरोपी अंचल अग्रवाल उर्फ जिनी उम्र-30 वर्ष पिता अनिल अग्रवाल पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर जो ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है।

कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक / / तह./वा./26
पामगढ़, दिनांक 18.02.2026
रा.प्र.क्र. 202602063100102/स-132
ग्राम-चंडीपारा प.ह.नं.
एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक शब्बीर मोहम्मद पिता ख्वाजा मोहम्मद जाति मुसलमान ग्राम चंडीपारा थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है की आवेदक अपने नानी खैरून निशा पति जाकर अली का मृत्यु दिनांक 06.10.2014 को ग्राम चंडीपारा पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम चंडीपारा में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 6.03.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।
आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
तहसीलदार
पामगढ
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

27-Feb- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 27-02-2026 19:37 Page 1





# तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है 'चरक'

**मुंबई।** 'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ'का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है।

## लाइफ Style

# रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

रश्मिका मंदाना शादी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान वो सिल्क के कपड़ों में दुल्हन के तौर पर नजर आईं। जो पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाता है। वो दुल्हन के रूप में काफी खूबसूरत नजर आईं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में एक खास कोरियाई ड्रामा से प्रेरित थीम पर आधारित शाम के साथ शुरू हुईं। यह थीम रश्मिका मंदाना के कोरियाई पॉप कल्चर के प्रति प्यार को दर्शाती हैं। रात का मुख्य आकर्षण कोरियाई ड्रामा की थीम पर आधारित एक खास केक था, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। एक ओर जहां फैंस शादी की तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कॉस्ट्यूम डिजाइनर श्रव्या वर्मा ने हल्दी समारोह के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वो पीले रंग के आउटफिट में चेहरा पर रंग लगाए नजर आ रही हैं। उनके दोनों हाथों पर विरोश का टैग बंधा हुआ है। उनकी तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि हल्दी में जमकर मस्ती की गई है। विजय-रश्मिका की फिल्म 'गीता गोविंदम' के निर्माता बन्नी वसू ने विरोश को शादी की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे गीता गोविंदम आप दोनों को एक-दूसरे को हमेशा के लिए चुनते देखना बेहद खास है।

विजय देवरकोंडा के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर कुछ साझा की तस्वीरें हैं। कई दोस्त एक तस्वीर में नजर आ रहे हैं और उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया है- 'दूल्हे की टीम।' विरोश की शादी वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया है ।विजय और रश्मिका की शादी के जश्न के लिए डीजे गणेश उदयपुर पहुंचे। वह इस शादी में अपने म्यूजिक से समा बांधेंगे।




## हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की जल्द होने वाली है शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपना जीवनसाथी मिल गया है। इसी साल सिंगर अपनें मंगेतर ट्रैविस केल्से से शादी करने वाली हैं। पॉपुलर सिंगर टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्से को अक्सर एक साथ देखा जाता है। कभी यह कपल डेट पर जाता दिखाई देता है। तो कभी मस्ती में झूमता हुआ। मगर अब कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बीते साल अगस्त में सगाई कर के दोनों ने अपने फैंस को हैरान कर दिया था। सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया में हर जगह हैं। उनके गानों और लाइफस्टाइल को दर्शक खासा पसंद करते हैं। अब टेलर जल्द ही अपने चाहने वालों को शादी की खुशखबरी दे सकती हैं। रिपोट्र्स के मुताबित सिंगर ट्रैविस केल्से से 13 जून को शादी के बंधन में बंधेगीं।



# कॉमेडियन मार्टिन की बेटी कैथरीन ने खुद को मारी गोली!

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने सोमवार रात हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे। शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा।' लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को सोमवार की शाम को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था।



# रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराज हुईं इलियाना

**मुंबई।** इलियाना डिक्रूज अक्सर ही खुलकर कई मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उन्होंने सिंगर रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराजगी दिखाई। ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड सिंगर रिहाना को सपोर्ट किया। जो लोग प्रेग्नेंसी के बाद उनकी ट्रोलिंग कर रहे थे, उनको इलियाना डिक्रूज ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हाल ही में प्रेग्नेंसी के बाद रिहाना अपने बेटे कजर आईं। उनका लुक देखकर कई लोगों ने कहा कि वह क्यों वापस शेप में नहीं आईं। इस बात पर इलियाना नाराज हो गईं। इसलिए इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक पोस्ट किया। वह लिखती हैं, 'उन्होंने एक बच्चा पैदा किया और उस बच्चे को जन्म दिया। उसे हेल्दी रख रही हैं। फिर भी सवाल यह है कि वह अभी तक बाउंस बैक क्यों नहीं कर पाई हैं? यह बहुत गुस्सा दिलाने वाली अवास्तविक उम्मीदें।



# अली अब्बास की नई फिल्म में अहान निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

## टीवी मसाला



# तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था। इस हफ्ते इस सीरियल ने जबरदस्त छलांग लगाई है। पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर सीरियल 'अनुपमा' था। इस हफ्ते 'तुम से तुम तक' ने इसे पछाड़ दिया है। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर रुपाली गांगुली की अदाकारी वाला टीवी सीरियल 'अनुपमा' है। इस हफ्ते इस सीरियल की टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार चौथे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने जगह बनाई है। इसकी रेटिंग 1.8 है। इस बार टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में पांचवें स्थान पर टीवी सीरियल 'वसुधा' है। इस हफ्ते इस सीरियल को 1.7 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे स्थान पर था। इसमें प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा अहम किरदारों में हैं।

## अंकिता-विक्की ने की भक्तंबर पूजा

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ भक्तंबर पूजा करने के बाद आध्यात्मिकता और एकजुटता पर एक नोट साझा किया। अंकिता ने बताया इस पूजा से उन्हें शांति और आशीर्वाद का एहसास हुआ। अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज हमने भक्तंबर पूजा की। फिर से मुझे लगा कि पति-पत्नी जब साथ में प्रार्थना करते हैं, तो उसकी ताकत बहुत अलग होती है। जब दो लोग मिलकर दिल से ईश्वर को कुछ अच्छा अर्पित करते हैं, तो मन को बहुत शांति मिलती है, दिल शांत हो जाता है और आत्मा को सुकून मिलता है।' अंकिता ने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरा विवाह ऐसे परिवार में हुआ है, जहां भक्ति और मूल्य वही हैं जिनमें मैं पली-बढ़ी हूं। जब हम सब आध्यात्मिक पलों में एक साथ आते हैं, तो यह अपने आप में बहुत बड़ा आशीर्वाद लगता है। मेरे लिए ईश्वर एक ही है।



# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

**मुंबई।** 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार

दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलाकार पहले 'झूम बराबर झूम'और 'प्लेयर्स'में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी

**मुंबई।** सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।





## थिएटर के बाहर तैनात एम्बुलेंस, हॉलीवुड ने की थी मदद


# बॉलीवुड फिल्म जिसे अकेले देखने पर था 10 हजार रुपए का इनाम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ये कहानी है हॉरर फिल्मों की दुनिया में उस सफल और सबसे डरावनी कही जानेवाली उस फिल्म की, जिसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रख दी थी बड़ी शर्त। कहते हैं कि डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा कर दी थी की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे और हॉल के बाहर लगा रखा था एम्बुलेंस। रामसे ब्रदर्स की पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) ऐसी हॉरर फिल्मों की लिस्ट में रही हैं जिसने लोगों को जितना ही डराया, उतनी ही इन फिल्मों ने कमाई भी की। ये फिल्में काफी कम बजट में बनी, लेकिन इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रहीं। इन सभी फिल्मों में से जिस फिल्म ने लोगों का गला सबसे अधिक सुखाया वो थी 'दरवाजा' जो साल 1978 में रिलीज हुई थी।

### लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी

रामसे फैमिली की तीसरी पीढ़ी दीपक रामसे और अमित रामसे ने 'दरवाजा' की कहानी को याद किया। एक बातचीत में दीपक ने बताया, 'आजकल आपके पास मेकअप के कई ऑप्शन मौजूद हैं। उस समय, बहुत कम ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे जो वास्तव में डरावना मेकअप करना जानते थे। सितारे अपने चेहरे पर चोट लगने पर भी सुंदर दिखना पसंद करते थे, जबकि रामसे की कहानी में लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी था।'




### किसी ने भी अकेले देखने की हिम्मत नहीं की

उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे उनका बजट थोड़ा बढ़ गया था, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई हुई। फिल्म की सफलता को याद करते हुए दीपक ने कहा, 'आप इसे प्रमोशन का तरीका कह सकते हैं, लेकिन एक डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे। सिनेमाघर के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी कर दी गई थी। फिल्म इतनी सफल रही थी। लेकिन किसी ने भी इसे अकेले देखने की हिम्मत नहीं की।'

**क्रिस्टोफर टकर से किया संपर्क :** उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय मेकअप आर्टिस्ट थे, लेकिन हमें लंदन से भी मेकअप आर्टिस्ट बुलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हमने क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया था।' उन्होंने आगे बताया, 'कुमार जी और तुलसी जी उनसे लंदन में मिले और समझाया कि हमारा बजट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन हमें उनकी स्पेशलिटी की जरूरत है। वे हमारी सीमाओं के भीतर काम करने के लिए सहमत हो गए और उन्होंने फिल्म दरवाजा के लिए मेकअप भेजा। हमने उन्हें पाउंड में भुगतान किया।'

### दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर रामसे ब्रदर्स का रहा दबदबा

हॉरर फिल्मों के सच्चे शौकीन रामसे ब्रदर्स की कहानियों के फैन न हों ऐसा संभव नहीं। 'महल' (1949) जैसी क्लासिक फिल्मों और 1960 के दशक की कुछ हॉरर फिल्मों जैसे 'बीस साल बाद' (1962), 'गुमनाम' और 'भूत बंगला' (1965) जैसी तमाम फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स ने करीब दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### कम बजट की फिल्में रहीं खूब सफल

कम बजट में बनी उनकी कई फिल्में पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) आदि बॉक्स ऑफिस पर खूब सफल रहीं। हालांकि, सबसे पहले फिल्म 'दरवाजा' को लेकर काफी चर्चा रही थी। इस फिल्म के लिए तुलसी रामसे और श्याम रामसे (रामसे ब्रदर्स) ने इंटरनैशनल मेकअप आर्टिस्ट क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया। कहते हैं कि ये फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दर्शकों को खुलेआम चुनौती दी थी कि अगर वे इसे अकेले थिएटर में देखने की हिम्मत दिखाएं तो उसे 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'

**खबर संक्षेप**

## बोर्ड परीक्षा दिला रही दिव्यांग छात्रा कल्पना को मिला व्हील चेयर



**जांजगीर-चांपा।** हाथ पैर व पूरे शरीर से दिव्यांग छात्रा कुमारी कल्पना गोस्वामी जो वर्तमान में दसवीं बोर्ड की परीक्षा दिला रही है। समग्र शिक्षा आईड के रिसोर्स सेंटर जांजगीर में बीआरसीसी समग्र शिक्षा नवागढ़ श्रीमती रिषीकांता राठौर ने बालिका को उनके परिजनों की मौजूदगी में व्हील चेयर सहित अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान किया। दिव्यांग छात्रा कुमारी कल्पना जिला मुख्यालय के निकट ग्राम धाराशिव खोखरा में रहती है तथा गांव के ही शासकीय उच्च.माध्य.शाला में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत है। कल्पना दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रही है जहां उसे लाने ले जाने में बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही थी ऐसे समय में उसे व्हील चेयर उपलब्ध कराया गया जिससे अब वह बिना परेशानी के आ जा सकेगी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा नवागढ़ के बीआरसीसी श्रीमती रिषीकांता राठौर, लेखापाल संतोष कुमार साहू, आपरेटर कन्हैया लाल साहू, प्रधान पाठक सदर स्कूल देवेन्द्र कुमार पटेल, शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी, दिव्यांग बालिका कल्पना गोस्वामी के पिता राजेन्द्र पुरी गोस्वामी, माता श्रीमती गायत्री गोस्वामी, सहयोगी शिक्षिका खुलेश्वरी पटेल आदि उपस्थित रहे।

## सालभर के भीतर क्षेत्र में हुए विभिन्न विकास कार्य : शर्मा



**बाराद्वार।** जिला पंचायत चुनाव के एक साल पूरा होने पर सक्ती जिला पंचायत के सभापति व बाराद्वार के युवा भाजपा नेता आयुष शर्मा ने एक प्रेसवार्ता आयोजन कर अपनी बात रखी।आयुष शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सालभर के भीतर क्षेत्र में विभिन्न विकास हुए है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि हर घर जाकर लोगों से चर्चा की। साथ ही क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा होना, क्षेत्र को जनता को बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजना, कई गांवों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर व्यवस्था करना, बरसात के समय ग्राम सकरेली भाटा में रेल लाइन के किनारे जमा मलवा हटाकर के स्लैब चूड़ी के डलवा कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाना, मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के अनुमोदन से लक्ष्मीकांत धीरहे को 300000 की राशि प्राप्त कराई गई। इसी प्रकार बाराद्वार विद्युत विभाग को उप संभाग बनाने की मांग सीएम श्री साय ने तुरंत मंजूरी दी और नगरदा सिवनी को बाराद्वार उप संभाग में जोड़ा गया। वर्तमान बजट में जिला पंचायत क्षेत्र में संकल्प बजट में सड़क निर्माण कार्य सह चौड़ीकरण नया बाराद्वार जैजैपुर चौक से ठठारी 12 किलोमीटर राशि 96 लाख, सड़क निर्माण कार्य बासिन से जेठा ब्याहा पासीद खूंटादहरा जिला मुख्यालय तक 10 किलोमीटर राशि 80 लाख रुपए, किरारी से नवापारा खुर्द ब्याहा नन्दौर खुर्द 6 किलोमीटर 72 लाख, बासीन से डोंगिया 8 किलोमीटर 64 लाख, नवीन जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य मार्ग तक 02 किलोमीटर 24 लाख रुपए शामिल है। इस प्रेसवार्ता में जिला पंचायत के सभापति आयुष शर्मा के साथ बाराद्वार नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, अर्जुन राठौर उपस्थित थे।

## आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम कोटमी निवासी मृतक स्व. लक्ष्मण सिदार को तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के माता श्रीमती आनंदी सिदार पति स्व. गणपत सिदार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4 लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जिला मुख्यालय के अलावा सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आज होगा कार्यक्रम

# जिले के 1 लाख 18 हजार से अधिक किसानों को मिलेंगे 450 करोड़ 85 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषक उन्नति योजना के तहत जांजगीर-चांपा जिले में 1 लाख 18 हजार 927 किसानों को 450 करोड़ 85 लाख 45 हजार 132 रुपए की आदान सहायता राशि जारी की जाएगी। शनिवार 28 फरवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम के अलावा सभी जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि होली पर्व से पहले किसानों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 28 फरवरी को राज्य स्तरीय धान बोनस वितरण कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों को 10324 करोड़ रूपए आदान सहायता राशि का अंतरण करेंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री किसानों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी करेंगे। उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 18 हजार 927 से अधिक पंजीकृत किसानों को 450 करोड़ 85 लाख 45 हजार 132 रूपए रूपये की आदान सहायता राशि सीधे कृषको के खाते में अंतरित किया जाएगा। इसके तहत जिले के समस्त विकासखण्डो में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकासखण्ड नवागढ़ के तहत कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम भवन जांजगीर में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड बम्हनीडीह में जनपद पंचायत सभागार, विकासखण्ड पामगढ में सदभावना भवन, विकासखण्ड अकलतरा में जनपद पंचायत सभागार एवं विकासखण्ड बलौदा में जनपद पंचायत परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में होगा कार्यक्रम



**सक्ती।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले जिले के किसानों के खातों में अंतर की राशि को अंतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 28 फरवरी को बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी के खेल मैदान में आयोजित समारोह में दोपहर 12 बजे प्रदेश भर के किसानों के खातों में योजनांतर्गत राशि अंतरित करेंगे। इस हेतु जिला स्तर पर कार्यक्रम तथा प्रत्येक विकासखंड में एक-एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित है। कृषि विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने वाले जिले के 88 हजार 307 किसानों के बैंक खातों में कुल 346.59 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की जाएगी। इन किसानो के द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में 47 लाख 41 हजार 345.60 क्विंटल धान बेचा गया है, जिनकी अंतर राशि सीधे कृषक के खाते में अंतरित किया जाना है। जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सभागार कलेक्ट्रेट परिसर सक्ती में मुख्य अतिथि के रूप में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, अतिविशिष्ट अतिथि छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सासंद श्रीमती कमलेश जांगड़े, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला पंचायत सक्ती की अध्यक्ष श्रीमती द्रोपदी कीर्तन चन्द्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा श्रीमती संयोगिता सिंह जुदेव, सभापति कृषि स्थायी समिति श्रीमती विद्या सिदार, पूर्व मंत्री मेधाराम साहू, धर्मेन्द्र सिंह सभापति जिला पंचायत सक्ती, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, श्याम सुन्दर अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सक्ती, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू राय, नारायण कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार, आयुष शर्मा, निर्मल सिन्हा उपस्थित रहेंगे। विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर के कार्यालय जनपद पंचायत सभागार में किया जायेगा, जिसमें जनप्रतिनिधि व कृषकगण उपस्थित रहेंगे।

# साइबर ठगी से बचने हमेशा रहें सावधान

### बाजार में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



लोगों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के साप्ताहिक बाजार में गुरुवार 26 फरवरी को साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बिर्रा के प्रथम नागरिक पीली बाई एकादशीया साहू उपस्थित रहे।

समाज सेवक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता एकादशीया साहू ने साइबर जागरूकता अभियान का अगुवाई करते हुए वहां पर उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि अभी के समय में सतर्कता ही सबसे बड़ी बचाव है अर्थात हम सभी को आजकल के डिजिटल जमाना में फ्रॉड अर्थात जालसाजी व्यक्ति फोन करके मोबाइल से ही ओटीपी मांग लेते हैं, जिससे हमारा बैंक खाता पूरा-पूरा खाली हो जाता है। उन्होंने कहा कि सतर्क रहना ही सबसे बड़ी बचाव और लाभदायक है। हम सभी को सावधानीपूर्वक मोबाइल का इस्तेमाल करना चाहिए। आजकल सभी जान रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट का जमाना है, कहीं भी कोई भी इंसान दूसरे राज्य में या दूसरे शहर में जाकर कोई भी गलती करता है या कानून को हाथ में लेता है तो वहां पर अपराध कायम संबंधित थाना के द्वारा किया जाता है। उसके बाद उसकी डायरी उसके निवास गांव के आसपास संबंधित थाना में आता है। उसके बाद उस प्रकरण का कार्रवाई करते हुए संबंधित थानेदार के द्वारा उसको शासन के नियम के अनुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करते हैं और धारा के हिसाब से जमानत या जेल भेजा जाता है। आजकल व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम बार-बार हैक हो जा रहा है। फ्रॉड लोग इतने चालबाज हैं कि भोले भाले जनता को फंसा करके व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम को अपने कंट्रोल में ले लेते हैं। डिजिटल जमाना में फ्रॉड लोग मोबाइल से ओ टी पी लेकर बैंक खाता को खाली कर देते हैं। लेकिन किसी भी फ्रॉड को कोई भी बैंक से फोन कर रहा है तो कोई भी शर्त में अपने मोबाइल से ओटीपी किसी को भी नहीं बताना है। कोई भी बैंक से ओटीपी लेने के लिए फोन नहीं किया जाता है। इन सभी बातों से हमको जागरूक रहना है। सावधान रहना है। पुलिस थाना बिर्रा के थाना प्रभारी एवं निरीक्षक जयकुमार साहू ने भी वहां पर उपस्थित ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए साइबर अपराध के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जयकुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक तीजराम जांगड़े के अलावा पुलिस थाना बिर्रा के स्टाफ और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शिवरीनारायण में नियमित रूप से एसडीएम कार्यालय का संचालन शुरु



**तुस्मा।** शिवरीनारायण में नियमित रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय के संचालन शुरु होने से अधिवक्ताओं, तहसील कर्मचारियों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। एसडीएम सुश्री भावना साहू ने शुक्रवार को विधिवत रूप से कार्यालय पहुंचकर नियमित कार्य प्रारंभ किया। कार्यालय पहुंचने पर एस.डी.एम. सुश्री भावना साहू का अधिवक्ताओं एवं तहसील स्टाफ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि एस.डी.एम. कार्यालय के नियमित संचालन से लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी और आम जनता को बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस अवसर पर नवपदस्थ तहसीलदार महेंद्र लहरे एवं नवपदस्थ नायब तहसीलदार चन्द्र कुमार साहू का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी,गजेन्द्र बंजारे एम.आर. कश्यप, रामकुमार बर्मन, रामनिवास कश्यप,देव प्रसाद साहू, भुनेश्वर बंजारे,जीवन लाल कश्यप,शिव गोपाल यादव,देव नारायण मांडले, इतवारी यादव उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



मैराथन दौड़ में शामिल युवा।

पामगढ़ ब्लॉक में युवाओं द्वारा समाज को सकारात्मक एवं प्रेरक संदेश देने के उद्देश्य से युवा मैराथन का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रातः आयोजित

- मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने निभाई सहभागिता

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता करते हुए ऊर्जा, अनुशासन और जागरूकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष बंजारे (एसआई थाना पामगढ़), मोहनलाल कौशिक (पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी), अजय बघेल (बिजापुर आरक्षक) एवं श्री मुनीर (अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, जिला जांजगीर-चांपा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस पहल को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस आयोजन को सफल बनाने में यूथ 4 चेंज एवं उड़ान यूथ क्लब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं के समन्वय, अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को प्रभावशाली स्वरूप प्रदान किया। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों में जोश और सकारात्मक ऊर्जा स्पष्ट रूप से देखने को मिली। प्रतियोगिता में दिनेश, अनिल, अनुराग एवं ज्योति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया।युवा मैराथन का मूल भाव समाज को एक सशक्त संदेश देना रहा- कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए नियमित रूप से सुबह उठना, व्यायाम करना और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। युवाओं ने इस आयोजन के माध्यम से आसपास के लोगों को प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया कि फिट और जागरूक समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। कार्यक्रम के अंत में संतोष बंजारे द्वारा युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण एवं व्यवहारिक सुझाव प्रदान किए गए, जो उपस्थित युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी रहे। समग्र रूप से यह आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, सकारात्मक सोच एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरक पहल साबित हुआ।

## नगर पंचायत आपके द्वार आपकी समस्या हमारी जिम्मेदारी अभियान का शुभारंभ

**शिवरीनारायण।** नगर पंचायत शिवरीनारायण में अध्यक्ष के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के लिए "नगर पंचायत आपके द्वार – आपकी समस्या हमारी जिम्मेदारी" अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 24 फरवरी से वार्ड क्रमांक 1 से प्रारंभ होकर सभी वार्डों में क्रमवार आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में विशेष सेवा शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन एवं सत्यापन, स्वच्छता अभियान एवं प्लास्टिक मुक्त जागरूकता, संपत्ति कर, जल कर एवं व्यवसाय कर की वसूली, तथा नागरिकों की जन शिकायत एवं मांग पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने बताया कि नगर पंचायत अब कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि सीधे नागरिकों के द्वार तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि "नगर पंचायत आपके द्वार – आपकी समस्या हमारी जिम्मेदारी" के संकल्प के साथ सभी नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा और त्वरित निराकरण किया जाएगा। अध्यक्ष ने सभी वार्डवासियों से अपील की है कि वे अपने वार्ड में लगने वाले सेवा शिविर में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान तथा नगर पंचायत कर भुगतान संबंधी सेवाओं का लाभ लें और नगर विकास में सहभागी बनें।

## रंगभरी एकादशी के अवसर पर श्याम भक्तों ने निकाली भव्य निशान यात्रा



**अकलतरा।** श्री श्याम परिवार द्वारा रंगभरी एकादशी के शुभ अवसर पर नगर के पंचदेव मंदिर से श्री श्याम मनोहर मंदिर तक डीजे की धुन में निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा जनपद पंचायत कार्यालय, अंबेडकर चौक,आजाद चौक ,शास्त्री चौक एवं ओवर ब्रिज होते हुए श्री श्याम मनोहर मंदिर पहुंची। निशान यात्रा के दौरान भक्तों ने ₹हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा₹ के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।बाबा श्याम और सालासर बालाजी के भजनों के संग भक्तों ने नाचते-गाते हुए बाबा श्याम की निशान यात्रा को आगे बढ़ाया श्री निशान यात्रा के श्याम मनोहर मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं के द्वारा श्याम बाबा को निशान समर्पित किया गया एवं महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। शाम 7:00 बजे श्याम मनोहर मंदिर में खाटू श्याम बाबा के आरती की गई एवं मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई साथ ही श्याम रसोई का आयोजन किया गया। रंगभरी एकादशी के अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्याम बाबा के विग्रह का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## नैला में फाग उत्सव का आयोजन 4 मार्च को

**जांजगीर चांपा।** युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य के सानिध्य में फाग उत्सव का आयोजन बुधवार 4 मार्च को किया जाएगा। यह आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के पीछे स्टेशन रोड नैला में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तों के बीच उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति भागवत गोष्टी नैला जांजगीर एवं धर्म सेवा समिति नैला के अनुसार फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत सुबह 9 बजे फाग उत्सव कीर्तन एवं दोपहर 1 बजे महाप्रसाद का कार्यक्रम है। आयोजक द्वारा फाग उत्सव के आयोजन को लेकर अभी से तैयारी प्रारंभ शुरु कर दी गई है।

## विकसित भारत 'जी राम जी' योजना से गरीब, किसान और युवा होंगे सशक्त : अग्रवाल



श्रमिकों को योजनाओं के संबंध में जानकारी देते भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पचेड़ा में काम कर रहे श्रमिकों के बीच भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे।

श्री अग्रवाल ने उपस्थित श्रमिको को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 'जी राम जी' योजना" का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मसम्मान आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को मजबूत करने की व्यापक पहल है। इस योजना का सबसे बड़ा उद्देश्य है कि हर श्रमिक को नियमित काम मिले। स्थानीय स्तर पर विकास कार्य बढ़ेंगे तो बाहर पलायन कम होगा और गांव-शहर में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार का प्रयास है कि मजदूरी का उचित दर मिले और भुगतान समय पर सीधे खाते में पहुंचे ताकि किसी बिचौलिये की जरूरत न पड़े। इस अवसर पर भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक अनिल शर्मा, गजेंद्र सिंह, गजानंद ध्रुव, अमित मितल, खुशाल कश्यप, बजरंग कश्यप, किशोर करियारे, प्रियांश कुमार उपस्थित थे।

# वार्षिक परीक्षा तैयारी के संबंध में बैठक

**बलौदा।** जनपद प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुड़गहन संकुल केंद्र बुड़गहन में सामुदायिक सहभागिता के तहत बच्चों की माताओं की वार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं पाठ सहगामी गतिविधि के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की सर्वांगीण विकास हेतु बच्चों की क्रियाकलाप में सुधार एवं विद्यालय की गतिविधियों पर सहयोग देने हेतु माताओं ने संकल्प लिया। साथ ही सक्रिय माताओं की बीच 'बाल फेंको', 'बैलून फुलाओ', एवं 'पहचान कौन' खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था द्वारा इस प्रकार की गतिविधि आयोजित कर पालक (समुदाय) को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया। शिक्षक,पालक एवं बच्चे आटो की तीन पहिये के समान होते है, तीनों सामंजस्य और सहभागिता से ही शिक्षा रूपी आटो चलता है। माताएं बच्चों बच्चों की प्रथम गुरु होते हैं और बच्चों की कमियों और गुणों को अच्छे से जानते हैं। और सुधार कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा किरण, नीलू कुम्हार, गायत्री बघेल, सुनीता बरेठ, बसंती केवट, ईश्वरी पैकरा,रितेश्वरी बरेठ,नितु बघेल,सीमा प्रजापति ने अपनी उपस्थिति दी। साथ ही संस्था की प्रधान पाठक बालाराम कुर्रे एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।









